# शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव,

Phone No. : 07786-299226, E-mail ID :-ggckondagaon@gmail.com


## Collaborative Activities of Govt. Gundadhur P.G. College, Kondagaon (C.G.)

## MoU with PRISM Group of Institutions, Bhilai (C. G.)

## &

## MoU with Swami Atmanand Govt. P.G. College, Narayanpur (C.G.)

## Other Collaborative Activities with Local Schools of the Town.

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें पर हुई व्याख्यान




**नारायणपुर (कुबेर भूमि)।** शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में केमिकल सोसायटी के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें के संबंध मे व्याख्यान हुआ, जिसकी अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ.एस.आर.कुंजाम, विभागाध्यक्ष डॉ.सुमित श्रीवास्तव, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।मुख्य अतिथि के रूप में सुरेंद्र कुमार सिन्हा, सहायक प्राध्यापक (शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर) ने नेट, सेट, गेट, टी.आई. एफ. आर. एवं ओ. एन. जी. सी. जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं रसायन शास्त्र विषय में कैसे उतीर्ण की जाए, उसकी जानकारी दी एवं विशिष्ट अतिथि नसीर अहमद, सहायक प्राध्यापक (शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव) ने कम संसाधनों में बड़ी-बड़ी परीक्षाओं को कैसे उतीर्ण किया जाए की जानकारी दी और कहा की सतत् परिश्रम से आप किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथि व्याख्याता अनिरुद्ध कुशवाहा एवं भाग्यवान द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।




ट्रैक सीजी

उतई/दुर्ग-भिलाई

# प्रिज्म संस्थान उतई, भिलाई द्वारा करियर इन मैनेजमेंट विषय पर शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,कोण्डागाँव (छ.ग.) एवं चन्दुलाल चन्द्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ,धमधा, दुर्ग(छ.ग.) के संयुक्त तत्वाधान में करियर इन मैनेजमेंट विषय पर संगोष्ठी (वेबिनार) का सफल आयोजन संपन्न

उतई (ट्रेक सीजी न्यूज/सतीश पारख) प्रिज्म संस्थान उतई, भिलाई के द्वारा करियर इन मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,कोण्डागाँव (छ.ग.) के प्राचार्य डॉ चेतन राम पटेल , डॉ देवाशीष हलधर इन्चार्ज करियर गाइडेन्स एवं प्लेसमेंट सेल एवं

चन्दुलाल चन्द्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ,धमधा, दुर्ग(छ.ग.) के प्राचार्य डॉ जे. के. वर्मा , प्रोफेसर रश्मि मोहन्ती,आईक्यूएसी सेल के संयुक्त तत्वाधान में करियर इन मैनेजमेंट विषय पर संगोष्ठी (वेबिनार) का




सफल आयोजन किया गया।

सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई तत्पश्चात शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ,धमधा, दुर्ग(छ.ग.) के प्राचार्य डॉ जे. के. वर्मा ने अपने सम्बोधन में बताया की जीवन का प्रत्येक क्षेत्र प्रबंधन से जुड़ा हुआ है। व्यक्ति मृत्युपर्यन्त प्रबंधन करता रहता है , मैनेज टू मैन और मैनेज टू सेल्फ के सन्दर्भ को बहुत अच्छे से समझाये। शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,कोण्डागाँव (छ.ग.) के डॉ देवाशीष हलधर सर ने सर्वप्रथम प्रिज्म कॉलेज के टीम से जुड़े प्रत्येक सदस्यों का तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया



की स्टूडेंट्स को स्वयं का उद्यमिता (स्टार्ट अप) स्थापित करने के लिए प्रबंधन का ज्ञान होना आवश्यक है।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री रुपेश कुमार गुप्ता ने छात्रों को करियर इन मैनेजमेंट विषय के विभिन्न पहलुओं को सम्मिलित करते हुए एवं उनके महत्व के बारे में बताये व राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न मैनेजमेंट कोर्सेस के बारे में , इस क्षेत्र में नौकरी के अवसर के साथ साथ स्वयं का उद्यम स्थापित करने में यह कोर्स किस प्रकार सहायता करता है,छात्र मैनेजमेंट में कैसे अपने भविष्य को और बेहतर बना सकते है, के बारे में विस्तार से जानकारी साझा किये। इस कार्यक्रम में विभिन्न जगहों से 300 से ज्यादा विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन किया एवं प्रबंधन का लाभ लिया वेबिनार का सफल संचालन श्री प्रकाश कश्यप (सहायक प्रध्यापक) एवं डॉ दुर्गा त्रिपाठी, आई क्यू एसी कॉर्डिनेटर,विभागाध्यक्ष (मैनेजमेंट विभाग) ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। वेबिनार में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

पीजी कॉलेज प्रबंधन ने आयोजित किया था कैरियर गाइडेंस

# वेबीनार के माध्यम से वक्ताओं ने छात्रों को समझाया कैरियर मैनेजमेंट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



कैरीयर गाइडेंस के बारे में दी गई जानकारी।

**कोण्डागांव .** स्थानीय शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शनिवार को कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल व प्रिज्म ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट भिलाई के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर इन मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। ज्ञात ही कि, इन दोनों संस्थानों के मध्य विभिन्न विद्यार्थी केंद्रित गतिविधियों को संयुक्त रूप से संचालित करने के लिए अनुबंध किया गया है।

जिसमें स्टूडेंट एक्सचेंज, फैकल्टी एक्सचेंज, साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न विषयों तथा कैरियर से संबंधित विषयों पर व्याख्यान, संगोष्ठियों इत्यादि के साझा आयोजन करने के सम्बंध में अनुबंध किया गया है। इसी कड़ी में विभिन्न संकाय के छात्रों को मैनेजमेंट के क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए मार्गदर्शन में इस वेबिनार का आयोजन किया गया।

जिसमे शासकीय महाविद्यालय धमधा के प्राचार्य डॉ जेके वर्मा द्वारा मैनेजमेंट के एक एक अक्षर को हटाकर विभिन्न अर्थों के बारे में बड़े ही रोचक अंदाज़ में समझाया। तो वही स्थानीय महाविद्यालय में कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ देवाशीष हालदार ने बस्तर संभाग के छात्रों के लिए इस वेबिनार को मील का पत्थर बताया और कहा कि, बस्तर के दुर्गम क्षेत्र के बच्चों को मैनेजमेंट विषय के बारे में उतना ज्ञान नहीं होता है, इसलिए यह वेबी नाक बड़ा ही उपयोगी सिद्ध होगा। प्रिज्म ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट भिलाई के निदेशक रूपेश गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे।

प्रमुख संस्थाओं एवं उनमें होने वाली प्रक्रियाओं के बारे में बताया। प्रबंधन की आवश्यकता, उद्योग, कंपनी प्रबंधन की भूमिका को समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि, देश की नामी मैनेजमेंट संस्थाओं सहित विभिन्न संस्थाओं में मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स करने पर किस तरह से खर्च आते हैं एवं बैंक द्वारा किस तरह से लोन की सुविधा उपलब्ध है।

ज्ञान: विज्ञान व कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने कालेज के प्रयोगशाला पहुंच जाना केमिकल रिएक्शन

# पीजी कॉलेज की केमिकल सोसायटी ने स्कूली बच्चों को समझाया रसायन शास्त्र

*स्थानीय शासकीय शहीद गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को रसायन शास्त्र विभाग की केमिकल सोसायटी ने नगर के स्कूल के विद्यार्थियों के लिये प्रायोगिक कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमे नगर की सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा बारहवीं विज्ञान व कृषि संकाय के छात्र-छात्राएं शामिल हुये।*

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



स्कूल के छात्र छात्राएं पीजी कॉलेज के प्रयोगशाला में पहुंचे।

**कोण्डागांव .** इस कार्यशाला का उद्देश्य स्कूल के छात्र छात्राओं में विज्ञान खासकर रसायन शास्त्र के प्रयोगों के जरिए जागरूकता के साथ-साथ रूचि बढ़ाना था। ज्ञात हो कि, केमिकल सोसायटी द्वारा प्रत्येक शनिवार को ऐसे शिक्षणेत्तर आयोजन किए जाते हैं। कार्यशाला की शुरुआत में एमएससी रसायन शास्त्र तृतीय सेमेस्टर के छात्र- छात्राओं द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। जिसमें छात्रा पूर्णिमा ने प्रयोगशाला में उपयोग में आने वाले कांच के उपकरणों तथा अन्य उपकरणों के बारे मे जानकारी दी जिसमे ब्युरेट पिपेट बीकर फनल किप्स उपकरण इत्यादि शामिल रहे। छात्र दीपांक साहू ने अनुमापन के बारे में बताते हुए इसके वर्गीकरण की व्याख्या की साथ ही अम्ल-क्षार अनुमापन के बारे में विस्तार से समझाया। अनुमापन के प्रकारों मे से एक ऑक्सीकरण-अपचयन अनुमापन के बारे में लक्ष्मी साहू ने बताया। तो वही ययाति साहू ने जटिल यौगिक निर्माण अनुमापन के बारे मे तथा लिगेंड्स के बारे में विस्तार से समझाया। एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं ने लवण विश्लेषण के बारे में समझाया जिनमे निभा शर्मा ने मूलको तथा इसके प्रकारो को उदाहरण सहित, करिश्मा कौशिक ने अम्लीय मूलको और प्राची देवांगन ने क्षारीय मूलक के विभिन्न समूहों और उन में पाए जाने वाले मूलको उनके समूह अभिकर्मको तथा उनके परीक्षणों को समझाया।

### थ्योरी के बाद प्रैक्टिकल कर समझा

कार्यशाला मे व्याख्यान के बाद छात्र- छात्राओं को रसायन शास्त्र प्रयोगशाला का भ्रमण करवाया गया जहां यामिनी, दामोदर मरापी, सना सिल्लाट तथा तथा ईश्वरी पांडे ने छात्र-छात्राओं को अनुमापन और लवण विश्लेषण करके दिखाया। छात्र-छात्राओं ने भी प्रयोगों को अच्छे से समझा और समय-समय पर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। मंच संचालन छात्रा काव्या द्वारा किया गया। शिशु मंदिर से छात्र- छात्राओं के साथ आए आचार्य दुर्गेश बघेल ने इन प्रयोगों के अतिरिक्त कार्बनिक पदार्थों के क्रियात्मक समूह के विश्लेषण वाले प्रयोगों के बारे मे पूछा व विद्यालय की व्याख्याता डॉली साहू ने भौतिक रसायन के प्रयोगों के बारे मे जानना चाहा जिसे केमिकल सोसायटी के सदस्यों के द्वारा उचित उदाहरणों से समझाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष नसीर अहमद ने छात्र-छात्राओं को कैरियर के प्रति जागरूक होकर मन लगाकर पढ़ने की बात कही और साथ ही उन्होंने केमिकल सोसायटी के समस्त सदस्यों का कार्यशाला के आयोजन पर शाबाशी दिया।